**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 154**
**उत्तर देने की तारीख : 18.07.2022**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए धनराशि**

**†154. श्री कल्याण बनर्जी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की शुरुआत से अब तक इसके समुचित कार्यान्वयन के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है।
(ख) एनईपी के लिए अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय/उपयोग की गई है और सरकार को जून, 2022 तक इसमें कितनी सफलता मिली है; और
(ग) एनईपी के कार्यान्वयन से पहले तकनीकी औपचारिकताओं को पूरा करने और शिक्षकों को शिक्षित करने के लिए कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

**(**क) और (ख): शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 **(**एनईपी 2020**)** के साथ जोड़ा गया है। पूरे देश को शिक्षा के लिए बजट केंद्र और राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा आवंटित किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय के कुल बजट आवंटन और व्यय का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

**(करोड़ रुपए में)**

| **शिक्षा मंत्रालय के बजट आवंटन और व्यय का विवरण** | | |
|---|---|---|
| **वित्त वर्ष** | **कुल बजट आवंटन** | **व्यय** |
| 2020-21 | 99311.52 | 84026.71 |
| 2021-22 | 93224.31 | 80829.67 |
| 2022-23 | 104277.72 | 12844.48* |
| *30.06.2022 की स्थिति के अनुसार वास्तविक आंकड़े | | |

शिक्षा मंत्रालय और अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों और नियामक निकायों, मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों आदि द्वारा सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की दिशा में अनेक पहल की गई हैं।

**(**ग): शिक्षक**,** प्रोफेसर आदि शिक्षा क्षेत्र की शक्ति हैं और इसको गति प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी शिक्षक को शिक्षा प्रणाली में मूलभूत सुधार को माना गया है और सभी स्तरों पर शिक्षकों को हमारे समाज के सर्व सम्मानित और महत्वपूर्ण सदस्यों के रूप में पुन: स्थापित और सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई है**,** क्योंकि वे वास्तव में हमारी छात्रों की अगली पीढ़ी को मूर्त रूप प्रदान करते हैं। एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए संकायों / शिक्षकों के क्षमता निर्माण पर कई परामर्श / वेबिनार आयोजित किए गए हैं। हाल ही में, उच्च शिक्षा के लिए एनईपी 2020 के विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए 7 से 9 जुलाई 2022 तक अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन किया गया था। इस समागम में केंद्रीय/राज्य/डीम्ड/निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, उच्च शिक्षण संस्थानों के निदेशकों/प्रमुखों, कॉलेजों के प्राचार्यों/संकायों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं आदि ने भाग लिया।

*****